तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 3 जनवरी 2024
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 विलुप्त हो रहे मोर दिखे मनेन्द्रगढ़ में...


## खबर संक्षेप

### आज से एमसीबी प्रवास पर रहेंगे केन्द्रीय सचिव

**एमसीबी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अनुपम मिश्रा केन्द्रीय संयुक्त सचिव मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में जिला प्रभारी अधिकारी के रूप में 3 से 6 जनवरी तक यात्रा प्रवास में रहेंगे। प्रभारी अधिकारी श्री मिश्रा केन्द्रीय संयुक्त सचिव को रिसीव कर अनूपपुर से नई लेदरी रेस्ट हाउस तक जिला प्रवास दौरान समस्त लाइजिनिंग ड्यूटी एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए डिप्टी कलेक्टर प्रवीण कुमार भगत को नियुक्त किया गया है।

### खैरबना में पीएम जनमन शिविर का आयोजन

**एमसीबी।** ग्राम पंचायत खैरबना बैगापारा में आयोजित पीएम जनमन शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसमें दिल्ली से आए रवि टेलटीया, सहायक महाप्रबंधक जनजातीय मंत्रालय दिल्ली, शिविर में बैगा परिवार के सदस्यों से मिलकर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा किए, इसके साथ ही 2 जनवरी को शिविर में वन अधिकार पत्र के 6 प्रकरण, आधार कार्ड के 9 प्रकरण, आयुष्मान कार्ड के 20 प्रकरण, 8 खाता के प्रकरण, स्वास्थ्य विभाग से टीबी के 5, बीपी एवं शुगर के 30, सिकलीन के 30, हिमोग्लोबिन 25 तथा एक गर्भवती माता की जांच की गई।

### बदली हवा की दिशा, 2 डिग्री गिरा रात का पारा

**अम्बिकापुर।** लम्बे समय तक ठंड से राहत देने के बाद साल के अंतिम दिन हवा की दिशा बदल गई है रात का तापमान सामान्य स्थिति में पहुंच गया है। मौसम में आए बदलाव के कारण रात के तापमान में 2.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले चार-पांच दिनों से उत्तर पूर्व की हवाएं चलने के कारण रात के तापमान में लगातार वृद्धि होने के कारण ठंड से राहत थी। इस दौरान रविवार को न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। दिन का तापमान भी बढ़ रहा था। रविवार को मौसम कार्यालय द्वारा अधिकतम तापमान 25.0 डिग्री रिकार्ड किया गया था। रविवार को शाम में अचानक हवा की दिशा बदल उत्तर-पूर्व से उत्तर की हो गई। शाम को उत्तर की सर्द हवाएं पहुंचने के कारण अचानक कनकनी युक्त ठंड पड़ने लगी वही सोमवार को रात का तापमान 10.4 डिग्री से गिरकर 8.4 डिग्री पहुंच गया। सर्द हवाओं के प्रभाव से दिन के तापमान में भी 0.6 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। इधर एक पछुआ विक्षोभ की तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### लक्ष्मी के रूप में छह बेटियों ने लिया जन्म

**अम्बिकापुर।** साल का पहला दिन छह परिवारों के साथ ही मेडिकल कॉलेज के एमसीएच के लिए खास रहा। नए वर्ष के दिन एमसीएच में कुल छह प्रसव हुए और खास बात यह है कि सभी बेटियां ही है। पहले दिन की शुरुआत लक्ष्मी के रूप में बेटियों से होने के बाद परिवार में खुशियों का माहौल है। जन्म लेने वाली बच्चियां व प्रसूता पूर्ण रूप से स्वस्थ बताई जा रही है। इस जब लोग शहर में नए वर्ष का जश्न मना रहे थे तो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के 100 बिस्तरीय एमसीएच में भी अस्पताल प्रबंधन के साथ ही माता-पिता के लिए खुशियों भरा पल था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नए वर्ष के मौके प्रसव पीड़ा उपरान्त भर्ती कराए गए 6 महिलाओं का 31 दिसम्बर की रात से 1 जनवरी के बीच प्रसव कराया गया। अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ द्वारा सामान्य प्रसव कराया। अस्पताल में सामान्य प्रसव के माध्यम से 6 बच्चियों का जन्म हुआ है। रात 1.30 बजे से लेकर सोमवार के दोपहर 12.15 बजे के बीच सभी प्रसव सामान्य रूप से कराए गए और प्रसूता कुंती पति महेश, संतोषी पति सोनी, ममता पति विजय, रयमुनिया पति सोमलाल, पूनम पति वीरेंद्र व प्रमिला पति विजय ने स्वस्थ बच्चियों को जन्म दिया है।

## खरीदी पर लग सकता है ब्रेक, समितियों में धान की बंपर आवक

# उठाव नहीं होने से समिति में धान जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इन दिनों कोरिया-एमसीबी जिले के धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की भीड़ उमड़ रही है। अमूमन सभी केन्द्रों में धान उठाव की समस्या बनीं हुई है, इस वजह से किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के समीप स्थित जामपारा खरीदी केन्द्र का हरिभूमि टीम द्वारा निरीक्षण करने पर यहां बड़े स्तर पर धान जाम मिला।

धान का उठाव और परिवहन नहीं होने की वजह से खरीदी केन्द्र में धान की बोरियों का बड़ी-बड़ी ढेर लग गई है। समिति केन्द्र में धान रखने की अब जगह भी नहीं बची है। करोड़ों रुपए का धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। जानकारी के अनुसार जामपारा स्थित धान खरीदी केन्द्र में अब तक 656 किसानों से 34 हजार 982.80 क्विंटल धान खरीदा गया है। इस धान के लिए इन किसानों को 7 करोड़ 63 लाख 67 हजार 452.40 का भुगतान कर दिया गया है। समिति केन्द्र में धान को रखने के लिए कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जहां समिति के सदस्यों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को चिंता सता रही है, वहीं दूसरी ओर किसानों को अब धान रखने और जगह के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। समिति प्रबंधक अजय साहू ने कहा कि धान का परिवहन उठाव किया जाना अतिआवश्यक है। धान खरीदी केन्द्र से धान का उठाव नहीं होने से फड़ों में जगह सिकुड़ने लगी है। केन्द्र में लिमिट से अधिक मात्रा में धान का भंडारण हो गया है। वहीं परिवहन नहीं होने की वज़ह से भी समिति के कर्मचारियों को भंडारण करने में परेशानी हो रही है, क्योंकि धान सूखत की गाज समिति कर्मचारियों के ऊपर ही गिरता है। आगामी दिनों में यहां से उठाव नहीं होने से आने वाले दिनों में खरीदी प्रभावित हो सकती है।


जामपारा समिति में धान की लगी चट्टान।(

### प्रबंधकों की बढ़ने लगी चिंता

उठाव नहीं होने के कारण धान की तौलाई करने के लिए भी जगह नहीं बचा है। विदित हो कि जामपारा धान केन्द्र में खरीदी के दौरान किसानों को सुविधा पहुंचाने के लिए चबूतरा का निर्माण किया गया है, इसके सिवाय यहां कुछ नहीं किया है, इससे इन दिनों धान की बोरे पहाड़ जैसे प्रतीक होने लगे हैं, इसके बाद भी धान की अधिक आवक होने के कारण रखने की जगह नहीं है। उठाव नहीं होने के कारण प्रबंधकों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि इन दिनों मौसम में कड़ाके की ठंड के साथ मौसम में उतार-चढ़ाव एवं बादल छाए रहने लगे हैं। आसमान पर काले बादल छाए रहने या बूंदाबांदी की संभावना बना हुआ है और खुले में धान की बोरे रखा गया है। यदि बारिश होती है तो धान के बोरे भींगने से शासन-प्रशासन को भारी नुकसान हो सकता है।

### किसानों में अफरा-तफरी की स्थिति

कई धान खरीदी केन्द्रों में धान की बोरियों का पहाड़ बन गया है। जामपारा धान खरीदी केन्द्र में भी किसानों में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। मंगलवार के दिन भी केन्द्र में कई किसान धान बेचने पहुंचे, यहां धान रखने की जगह नहीं होने के कारण समिति प्रबंधकों को अब धान खरीदी करने में काफी परेशानी हो रही है। हालांकि इस दिन भी केन्द्र में पहुंचे किसानों की धान खरीदी की गई।

### कोरिया जिले में धान की रिकॉर्ड आवक

धान खरीदी वर्ष 2023 में 1 नवंबर से धान खरीदी की शुरूआत हुई है। खरीदी केन्द्रों में धान की खरीदी के लिए अब 29 दिन शेष रह गए हैं। जिले में अब तक 470590.4 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं किसानों को इसके लिए 1 अरब 2 करोड़ 72 लाख 98 हजार 843 रुपए भुगतान किया जा चुका है। वहीं किसानों से 24 करोड़ 67 लाख 82 हजार 911 रुपए का ऋण वसूली भी किया जा चुका है।

### खरीदी के लिए जगह नहीं

जामपारा समिति में अब धान रखने की जगह नहीं है। इस समस्या को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। वर्तमान में 5 जनवरी तक टोकन काटे गए हैं।

**-अजय साहू**
समिति प्रबंधक
जामपारा

# कोरिया में फिर कोरोना के 2 पॉजिटिव मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ एक्टिव मरीजों की संख्या 3 पहुंची

कोरिया जिले में कोरोना के ऑकड़े बढ़ रहे हैं। जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में जांच के दौरान 2 कोरोना संक्रमित व्यक्ति मिले हैं। आरटी पीसीआर टेस्ट कोरोना पॉजिटिव रहा है। दिसंबर में एक कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच बढ़ाने के निर्देश दिए थे। जिले में 2 जनवरी के दिन टेस्ट के दौरान दो व्यक्ति की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है।

मिली जानकारी के अनुसार मरीज अस्पताल में आया हुआ था, जहां आरटी पीसीआर टेस्ट में कोरोना के लक्षण पाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 40 लोगों का एंटीजन टेस्ट किया गया था, इसमें एक भी एंटीजन पॉजिटिव का केस नहीं आया, वहीं 4 लोगों का आरटी पीसीआर टेस्ट भी किया गया। इसमें से दो मरीज आरटी पीसीआर टेस्ट में पॉजीटिव पाए गए हैं। बैकुंठपुर, सोनहत और बचरापोंड़ी में 40 लोगों का टेस्ट किया गया था, इसमें सभी टेस्ट सामान्य रहे, लेकिन जिला अस्पताल में चार लोगों के हुए आरटी पीसीआर टेस्ट में मरीज की रिपोर्ट पॉजीटिव आने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश जारी किए गए, वहीं प्रशासन भी कोरोना से निपटने के लिए एक्टिव मोड में नजर आ रहा है। कुछ दिनों पूर्व ही जिला पंचायत सीईओ और सीएमएचओ की उपस्थिति में कोविड अस्पताल बैकुंठपुर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। इसमें कोविड अस्पताल में रखे गए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और अन्य चिकित्सीय उपकरण की जांच की गई थी। विदित हो कि कोविड से निपटने के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है, लेकिन लोगों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### कोविड को लेकर सर्तकता बरतने की जरुरत

जिले में कोविड संक्रमण से निपटने के लिए ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता है। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल चिंता की बात नहीं है। अगर स्थिति बिगड़ती है तो कोविड संक्रमण से बचने के लिए कोविड अनुरूप व्यवहार करना है, सोशल डिस्टेंसिंग, बार-बार हाथ धोना और मास्क लगाना है। डब्ल्यूएचओ की स्टडी अनुसार कोविड का नया वेरिएंट पुराने वेरियंट से कम घातक है। पहले जो कोविड के लक्षण थे, उसी तरह नए वेरियंट के भी लक्षण है। सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में तकलीफ के लक्षण हैं। कोविड को लेकर कोई उम्र सीमा नहीं है, लेकिन जो भी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं तो उन्हें कोविड संक्रमण से बचने की जरूरत है। कोविड टेस्टिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास पर्याप्त किट हैं।

# किसानों को फसल सूखने का सता रहा डर

**गेज नहर में पानी छोड़ने की मांग**


बदहाल नहर।

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के करीब स्थित ग्राम भॉंड़ी के किसानों ने एसडीओ जल संसाधन को पत्र लिखकर नहर का पानी खोलने की मांग की है। किसानों ने सामूहिक हस्ताक्षर करके एसडीओ जल संसाधन और कार्यपालन अधिकारी को पत्र प्रेषित किया है।

पत्र में लिखा है कि ग्राम भॉंड़ी के किसान फसल की खेती कर चुके हैं और खेती के बाद पानी की समस्या हो रही है। गेज नहर का पानी अब तक नहीं खोला जा रहा, इससे फसल को नुकसान पहुंचने लगा है। यदि गेज नहर में पानी खोल दिया जाए तो फसल को सूखने से बचाया जा सकेगा। जलाशय में पानी कम होने से ग्राम भॉंड़ी के किसानों को पानी नहीं मिल पाता है, इसके कारण वह खेती नहीं कर पाते। जलाशय के कमांड एरिया को काटकर गेज नहर कमांड एरिया से जोड़ने पर किसानों को लाभ पहुंचेगा।

### नहरों की स्थिति भी खराब

सिंचाई कार्य के लिए उपयोग होने वाली अधिकांश नहरों की स्थिति खस्ताहाल है। ज्यादातर नहरों में गड्ढे और सीमेंट वाल में दरारें आ गई है। वहीं कई नहर में खरपतवार और मिट्टी जमने के कारण भी उनकी हालत खराब बनी हुई है।

### सर्वे कराना पड़ेगा

पानी छोड़ने के पहले कितने किसान लाभांवित होंगे, इसके लिए सर्वे कराना होगा। किसानों की समस्या को लेकर चर्चा की जाएगी।

**-एसके धमिजा**
ईई जल संसाधन कोरिया

### बोलेरो की टक्कर बाइक सवार युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** घर लौट रहे बाइक सवार युवक को बनारस मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम लटोरी निवासी परमानंद रजवाड़े आ. पूरनचंद रजवाड़े (22 वर्ष) बीती रात लगभग 10.30 बजे ढाबा की ओर से अकेले बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही युवक बनारस मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# राप्रसेवा संघ कोरिया की अंकिता बनीं जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ वर्तमान में एसडीएम बैकुंठपुर के रुप में दे रहीं अपनी सेवाएं



राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के निर्देशानुसार मंगलवार को कोरिया जिले में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्य सेवा के समस्त प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित हुए और सर्वसहमति से कोरिया इकाई का गठन करते हुए संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता सोम को कोरिया का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

विदित हो कि श्रीमती सोम कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पद पर कार्यरत हैं और वह डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होने के बाद पूरे प्रदेश में विभिन्न पदों पर रहते हुए अलग-अलग कई कार्य दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर चुकी हैं। राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सोम ने कहा कि राज्य प्रशासनिक सेवा में आना एक गर्व का विषय है और साथ ही जनसेवा की अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। लोक सेवक के तौर पर यह चुनौती पूरे सेवाकाल में निरंतर बनी रहती है। उन्होंने संघ की ओर से जनकल्याणकारी लोकसेवा के कर्तव्य निर्वहन के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य करने की बात कही। ⏭ शेष पेज 4 पर

# कोरिया ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट: हसनैन, फरहीन, अलभ्य चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ सीनियर वर्ग, महिला वर्ग एवं बालक वर्ग में आयोजित की गई स्पर्धा




कोरिया जिला शतरंज संघ के द्वारा रामानुज स्कूल प्रांगण में आयोजित कोरिया ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह के उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही अपेक्षा किया कि आने वाले दिनों में हमारे जिला से अंतरराष्टीय स्तर के खिलाड़ी निकल कर देश एवं प्रदेश का मान बढ़ाएंगे। उन्होंने पहली चाल चलकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि पहली बार आयोजित रैपिड शतरंज स्पर्धा में कुल 63 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अंतरराष्टीय स्विस लीग पद्धति से आयोजित उक्त स्पर्धा 7 चक्रों में संपन्न हुआ, अंतिम परिणाम इस प्रकार रहे। सीनियर वर्ग में प्रथम हसनैन अली, द्वितीय अजय गुप्ता, तृतीय परवेज अंसारी, चतुर्थ अंसारूल हक, पंचम रासिद्ध रसीद, छठवां शरद खलखो, सातवां शिवहरी, आठवां कृष्णा गुप्ता, नवमा मुर्शिद, दसवां सुरेन्द्र शामिल रहे। इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम फरहीन, द्वितीय आफरीन, तृतीय दीपा साहू, चतुर्थ सबीना खान, पंचम सौम्या बंसरिया, छठवां रिजवान शबा, तथा बालक वर्ग में प्रथम अलभ्य कुमार, द्वितीय अभिनंदन, तृतीय प्रथम बड़ेरिया, चतुर्थ अक्षत गुप्ता, पंचम ईशान अहमद रहे।

समापन समारोह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज गुप्ता, आशीष गुप्ता मंच पर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेन्द्र सिंह ने शतरंज खेल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इस खेल के अनगिनत लाभ गिनाए और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। अंत में विजेता खिलाड़ियों नगद पुरस्कार, ट्राफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में पूर्व महिला छग शतरंज चैंपियन मिस अंजुम का सराहनीय योगदान रहा। प्रतियोगिता के संचालक अब्दुल शमीम के साथ आनंद तिवारी, डॉ.विजय जांगड़े, शिवहरी का भरपूर योगदान रहा।

# खुले बोर के गड्ढों में शीघ्र ढक्कन लगाएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, वन विभाग, जल संसाधन विभाग एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी गांव, कस्बे शहर के खुले मैदान, खेत-खलिहान, स्कूल, आंगनबाड़ी भवन, ग्राम पंचायत, बाड़ियों में या कहीं भी खुले बोर हो तो उसे तत्काल ढक्कन लगाकर बंद किया जाए। इसी तरह कुआं, बावली में भी जाली लगाई जाए, ताकि किसी भी प्रकार जन-धन का नुकसान न हो। विदित हो कि आए दिन खुले बोर में बच्चे गिरने की खबर सुनाई पड़ती है। वहीं कुआं में जानवर या घुमंतू पशु गिरने की जानकारी मिलती है, इसे रोकने के लिए कलेक्टर श्री लंगेह ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा है कि तत्काल ग्राम पंचायत के सचिवों से जानकारी प्राप्त कर, इसकी समुचित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

## हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवरों की आंदोलन का दूसरा दिन, लोग हुए परेशान

# ड्राइवरों की हड़ताल का व्यापक असर: पेट्रोल पंपों पर लगी वाहनों की लंबी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवरों की हड़ताल का दूसरे दिन मंगलवार को भी कोरिया-एमसीबी जिले में खासा असर देखने को मिला। जिले में स्थित लगभग सभी पेट्रोल पंप पर लोगों की भीड़ लगी रही, वहीं सब्जी मंडी में सब्जी की गाड़ियां नहीं आई, इस कारण सब्जी की कीमतों में खासा उछाल देखने को मिला।

प्याज 30 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा था वह अब 35-40 रूपए में बिकने लगा है। वहीं 30 रुपए प्रति किलो की लौकी 40 रुपए प्रति किलो में बिक रही है। सब्जी



व्यापारियों का कहना है कि आलू और टमाटर के थोक भाव में भी काफी उछाल आया है। थोक में 12 रूपए प्रति किलो की दर से बढ़कर आलू 16 रूपए प्रति किलो और टमाटर 250 रुपए कैरेट से बढ़कर 450 रुपए कैरेट में मिलने लगा है। हड़ताल का असर जिले की स्कूलों पर भी पड़ा है, स्कूल में चलने वाली स्कूल बसें भी नहीं चल रही। वहीं दूर से स्कूल पहुंचने वाले बच्चे या तो निजी साधन से या अभिभावकों के साथ स्कूल पहुंच रहे हैं, इसके साथ ही यात्री बसों से सफर करने वाले लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं जिले के अधिकांश पेट्रोल पंप पर लोगों की भीड़ लगी रही। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित चिरमिरी और मनेन्द्रगढ़ से पेट्रोल पंप पर भीड़ लगाए लोगों की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होती रही। लोगों का कहना है कि वे इस डर से आवश्यकता से अधिक पेट्रोल और डीजल खरीद रहे हैं कि आने वाले समय में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सही से हो पाएगी या नहीं। वहीं लोगों को पैनिक खरीदी से रोकने और समझाने के लिए जिला प्रशासन भी सक्रिय नहीं दिख रहा।

### माल ढुलाई मजदूर की भी रोजी प्रभावित

ग्रामीण क्षेत्र से शहरी इलाकों में जाकर माल ढुलाई करने वाले मजदूर भी इस हड़ताल से प्रभावित हुए हैं। दरअसल यह मजदूर बड़ी दुकानों और ट्रांसपोर्ट आदि से आने वाले सामान को गाड़ी में लोडिंग अनलोडिंग का कार्य करते हैं। इस कार्य से ही इनकी रोजी-रोटी चलती है। ड्राइवर की हड़ताल होने के कारण जिले में पिछले दो दिन से बड़ी गाड़ियों में कोई भी सामान नहीं आ रहा, इससे मजदूर भी प्रभावित हुए हैं। अब इनके लिए भी रोजगार संकट की स्थिति खड़ी हो गई है।

### मनेन्द्रगढ़ में हड़ताल का खासा असर


मनेन्द्रगढ़। केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवरों की दूसरे दिन हड़ताल जारी रही। अब इस हड़ताल का असर दिखाई देने लगा है। बीती शाम से ही पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए लोगों की भीड़ पेट्रोल पंप पर लगी, जिसके चलते शहर के कुछ पेट्रोल पंप का स्टॉक खत्म हो गया, जिसकी वजह से उन पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल नहीं मिल पा रहा है, जबकि कई पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डीजल दिया जा रहा है, जहां पर लोगों की भीड़ लग रही है।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### हांगकांग की मशहूर अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन ने की आत्महत्या

**लॉस एंजेलिस।** हांगकांग की मशहूर अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन का निधन हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, उनके निधन की पुष्टि कथित तौर पर पूर्व पति केनेथ लो ने की।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोयला जलाने के बाद बोनी लाई बेहोश हो गई और कुछ देर बाद धुएं के कारण उनकी मौत हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस को उनके



आवास पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। 'यंग एंड डेंजरस 3' एक्ट्रेस ने पहले कथित तौर पर अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाया था, जिसके बाद यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। डॉक्टरों ने इस मामले को आत्महत्या का मामला बताया है। लाई सुक यिन ने अपनी मौत से एक दिन पहले इंस्टाग्राम पर अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाते हुए एक तस्वीर भी साझा की थी। इसमें उनके पति और बच्चे दोनों साथ नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि मौत से दो हफ्ते पहले वह अपने पूर्व पति से मिलने आई थीं और पिछले 20 साल से डिप्रेशन से जूझ रही थीं। 1995 में मिस एशिया प्रतियोगिता में उपविजेता बनकर उभरने के बाद, लाई सुक-यिन ने वैम्पायर एक्सपर्ट II, यंग एंड डेंजरस 3 और लीगल अफेयर्स में अभिनय किया। उन्होंने 1998 में केनेथ लो से शादी की, जिनसे उनके दो बेटे हुए। 2006 में दोनों अलग हो गए और 2007 में लाई ने कॉस्मेटिक सर्जन एंगस हुई ची-चिंग से शादी कर ली। लाई और एंगस हुई ची-चिंग के दो बेटे हैं।

## टॉलीवुड


### ओटीटी पर धमाल मचाएंगी हॉय नन्ना, 4 जनवरी को होगी स्ट्रीम



**चेन्नई।** साउथ फिल्म हाय नन्ना 7 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। मृणाल और नानी की फिल्म को दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स से भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस कर रही है। खबर के मुताबिक, इस फैमिली ड्रामा ने 21 दिनों में करीब 46 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। खैर, अगर आपने सिनेमाघरों में फिल्म मिस कर दी है तो आप ओटीटी पर भी इसका मजा ले सकते हैं। 'हाय नन्ना' ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस फिल्म को 4 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। इसे हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में ओटीटी पर देख सकते हैं। एक रोमांटिक कहानी होने के अलावा, 'है नन्ना' एक पिता और बेटी के बीच के रिश्ते को भी खूबसूरती से दर्शाती है। विराज (नानी) एक पेशेवर फोटोग्राफर है और अपनी बेटी माही (कियारा) को अकेले ही पालता है। माही यह जानने के लिए बेताब है कि उसकी मां कौन है? लेकिन विराज हमेशा इस सवाल को नजरअंदाज कर देता है। आखिरकार वह यशना (मृणाल ठाकुर) से मिलने के बाद उसे माही की असली मां के बारे में बताता है। इस तेलुगु पारिवारिक ड्रामा में मृणाल ठाकुर और नानी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में मृणाल और नानी के अलावा बाल कलाकार कियारा खन्ना, प्रियदर्शी पुलिकोंडा, अंगद बेदी और विराज अश्विन जैसे कलाकार सहायक भूमिकाओं में नजर आए।

## भोजपुरी

### पैसों की दिक्कत के कारण कभी दूध बचते थे खेसारीलाल



**पटना।** खेसारी लाल यादव भोजपुरी इंडस्ट्री के मशहूर सितारों में से एक हैं। भोजपुरी जगत में उनकी गिनती हाईएस्ट पेड एक्टर्स में होती है। उन्होंने कई बड़े सुपरस्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर किया है लेकिन एक वक्त था जब उनके पास पैसों की काफी दिक्कत थी। दरअसल, एक्टिंग में कदम रखने से पहले वो लिट्टी चोखा बेचा करते थे. इसका खुलासा उन्होंने खुद एक शो पर किया। खेसारी लाल यादव आज भले ही एक चमकते हुए सितारे हैं लेकिन जिंदगी में परेशानियां उन्होंने बहुत झेली हैं। आज के दौर में उनकी गिनती इंडस्ट्री के महंगे सितारों में होती है।एक शो पर उन्होंने खुलासा किया था कि वो बचपन में लिट्टी चोखा बेचा करते थे। खेसारी यादव ने बताया कि जब वो छोटे थे तब भैंस का दूध बेचते थे। इसके साथ ही उन्होंने एक ऐसी बात बताई जो सुनकर सबके होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि दूध में वो दो पाव पानी मिलाते थे, क्योंकि वो दूध के पैसे में से 10 रुपए चुरा लिया करते थे।

---

शमा सिकंदर अपने स्टाइल से फैंस को इंप्रेस करती रहती हैं। ये कहना गलत नहीं होगा की शमा टीवी की दुनिया की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस में से एक हैं। शमा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस हर दिन अपनी नई-नई तस्वीरों से फैंस को ट्रीट देती रहती हैं। वो कभी अपने बोल्ड लुक से तो कभी ट्रेडिशनल लुक से होश उड़ाती रहती हैं। शमा ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक्स की तस्वीर शेयर की हैं। ट्रेडिशनल लुक में वो सिंपल तो लग रही पर बला की खूबसूरत भी लग रही हैं।




## ऊनी कपड़ों से है एलर्जी, बचने के लिए ये टिप्स करें फॉलो

सर्दियों में अक्सर कई लोगों को शिकायत होती है कि ऊनी कपड़ों से उनकी स्किन पर दाने, रैशेज और खुजली की समस्या हो जाती है। दरअसल कुछ लोगों की स्किन काफी सेंसिटिव होती है तो कभी-कभी ज्यादा ड्राइनेस की वजह से वुलेन से एलर्जी हो सकती है। सर्दियों में ठंड से बचने के लिए स्वेटर और शॉल जरूरी होते हैं, लेकिन कुछ लोगों को वुलेन वाले कपड़े पहनने की वजह से स्किन पर एलर्जी होने लगती है। अक्सर कई लोगों को आपने कहता सुना होगा कि गर्म कपड़े पहनने से उनकी स्किन पर लाल चकते पड़ जाते हैं या महीन दाने निकल आते हैं, जिसकी वजह से



इरिटेशन, खुजली और स्किन पर जलन होने लगती है. ऊनी कपड़े पहनते समय अगर कुछ बातों को ध्यान में रखा जाए तो इस समस्या से बचा जा सकता है।

### स्किन को वुलेन के संपर्क से बचाएं

अगर ऊनी कपड़ों की वजह से रैशेज हो जाते हैं तो सबसे पहले फुल स्लीव की कोई ऐसी टी-शर्ट या टॉप पहनें, जो कॉटन या बहुत ही मुलायम कपड़े का हो। इससे आपकी त्वचा सीधे वुलेन के संपर्क में नहीं आएगी और आपकी स्किन रैशेज से बची रहेगी।

### स्किन को हाइड्रेट रखें

सर्दियों में अपनी स्किन को हाइड्रेट रखें ताकि ड्राइनेस न हो। इसके लिए भरपूर मात्रा में पानी पीने के साथ ही रोजाना रात को जैतून के तेल या फिर कोकोनट ऑयल से हाथ-पैरों और शरीर के अन्य हिस्सों पर अच्छी तरह से मसाज दें।

## साड़ी में स्टाइलिश दिखने के लिए आजमाएं ये आसान तरीके

हर किसी को अपने शरीर के हिसाब से ही साड़ी का चयन करना चाहिए। आप साड़ी पहनकर महफिल में छा सकती हैं। अगर आपका फिगर पतला है तो कॉटन, फैब्रिक और टसर सिल्क की साड़ियां आप पर बहुत अच्छी लगेंगी। इन्हें पहनकर आप ज्यादा पतली नहीं दिखेंगी। वहीं, अगर आप थोड़ी मोटी हैं तो शिफॉन, क्रेप, जॉर्जेट फैब्रिक की साड़ी पहनें। इससे आप स्लिम दिखेंगी।

**साड़ी खरीदते समय लंबाई का ध्यान रखें :** साड़ी खरीदते समय उसकी लंबाई का विशेष ध्यान रखें। दरअसल, बड़े प्रिंट और चौड़े बॉर्डर वाली साड़ियां लंबाई को छोटी दिखाती हैं। अगर बहुत लंबी महिलाएं इनका इस्तेमाल करें तो उनकी लंबाई कम हो जाएगी। वहीं छोटे कद की महिलाओं को बिना बॉर्डर या पतले बॉर्डर वाली साड़ी पहननी चाहिए, जिससे उनकी हाइट थोड़ी लंबी लगेगी।



## वेस्टर्न हो या एथनिक फुटवियर बनाएंगे स्मार्ट और स्टाइलिश





अपने वॉर्डरोब में जूतों का कलेक्शन न सिर्फ महिलाओं को पसंद आता है बल्कि पुरुषों को भी पसंद आता है। लेकिन एक समस्या जो दोनों में देखी जाती है वह है कि हर मौके पर क्या पहना जाए। जितने ज्यादा विकल्प उतना बेहतर। बात करने और सुनने में तो यह अच्छा लगता है, लेकिन असल में यह सिर्फ भ्रम पैदा करता है। आप किस तरह के जूते किस कपड़े के साथ पहन सकते हैं।

**लेदर म्यूल:** टैन, ब्लैक और ब्राउन टोन मशहूर हस्तियों के पसंदीदा शेड हैं और सबसे अच्छा फैशन स्टेटमेंट बनाते हैं। जो पुरुष जूतों पर बहुत अधिक पैसा खर्च नहीं करना चाहते हैं और एक ऐसे विकल्प की तलाश में हैं, जिसे एथनिक से लेकर कैजुअल वियर तक हर चीज के साथ पहना जा सके। खच्चर उनके लिए सर्वोत्तम हैं।

**फ्यूजन लोफर्स:** मुलायम चमड़े से बने लोफर्स लगभग सभी मौसमों में पहनने के लिए सबसे अच्छे होते हैं। मोकासिन जूते बंद जूते हैं और इंडो-वेस्टर्न आउटफिट के साथ बहुत अच्छे लगते हैं। यह आपके सामान्य चमड़े के जूतों की तुलना में एक स्मार्ट विकल्प है। आप इन्हें स्मार्ट सेमी-फॉर्मल या फॉर्मल लुक के साथ पेयर कर सकते हैं। लोफ़र्स विभिन्न डिज़ाइनों और रंगों जैसे मैरून, नीले और मैरून में उपलब्ध हैं।

**स्यूड चाका:** हाल के वर्षों में चाका की लोकप्रियता कई गुना बढ़ गई है। ये गोल, मुलायम और टखने तक





लंबाई वाले होते हैं। इस पर ज्यादा सजावट नहीं है। ये स्नीकर्स का परफेक्ट विकल्प हो सकते हैं और इनका टेक्सचर भी काफी अच्छा होता है। इसे चमड़े या स्पोर्ट्स जैकेट, जींस और पोलो शर्ट के साथ पहनें।

**कोल्हापुरी चप्पल:** पारंपरिक कपड़ों के साथ पहनने के लिए कोल्हापुरी चप्पलें बेस्ट ऑप्शन हैं। चाहे आप कुर्ता या शेरवानी पहनें या फिर धोती के साथ भी इन्हें पहन सकते हैं। आराम के लिहाज से भी ये अच्छे हैं। कई शैलियों और रंगों में भी उपलब्ध है। सबसे अच्छी बात यह है कि इन्हें रोजमर्रा के कपड़ों के साथ और यहां तक कि पार्टियों में भी पहना जा सकता है। वे टिकाऊ होते हैं और वर्षों तक चलते हैं।

## स्किन टोन के हिसाब से चुनें नेल पालिश, खूबसूरती में लगेंगे चार चांद


*अगर लुक में सबकुछ परफेक्ट हो, लेकिन नेल पेंट सही न लगे, तो पूरी अपीयरेंस पर इसका असर पड़ता है। लेकिन मेकअप के साथ ही अगर नेल पॉलिश भी आप स्किन टोन के हिसाब से चुनेंगीं, तो ये आपकी खूबसूरती में चार-चांद लगा देगा।*

### फेयर स्किन के लिए

अगर आपका रंग गोरा है और आपको लगता है कि आप पर तो सभी कुछ फबेगा, तो ऐसा बिलकुल नहीं है। फेयर कलर वाली लेडीज को सॉफ्ट बेरी और ब्लू अंडरटोन के साथ वाइन रेड, डस्टी रोज, पारदर्शी, शाइनी पिंक जैसे कलर अपने नेल्स पर कैरी करने चाहिए। इसमें आपके हाथ बेहद क्लासिक लगेंगे।

### गेहुंए रंग के लिए

अगर आपकी स्किन गेहुंए रंग की है, तो गहरे या रोजी पिंक, प्लम, बेरीज या डीप



ब्राउन रेड कलर बढ़िया आपके नाखुनों के लिए बढ़िया रहेगा। आपकी स्किन टोन पर स्काई ब्लू कलर काफी खूबसूरत लगेगा। इसके अलावा कॉफी या चॉकलेट से मिलते हुए कलर भी काफी खूबसूरत दिखेंगे।

### सांवली रंगत के लिए


आपकी स्किन डार्क है, तो ब्राउन का कोई भी शेड आप पर अच्छा लगेगा। शीयर, शिमर लाइट ब्राउन से कॉफी टोन तक सब अच्छे लगेंगे। आप इनमें से कोई कलर अपने नेल्स के लिए चुन सकते हैं।

### इस बात का भी रखें ख्याल

ज्यादा पीलापन लिए ब्राउन नेलपेंट या येलो अंडरटोन न लगाएं वरना लगेगा कि आप सिगरेट ज्यादा पीती हैं। डार्क रेड सुंदर लगते हैं लेकिन अगर आपकी स्किन पीलापन लिए है, तो रेड में ब्लू अंडरटोन चुनें।

## अगर ग्लोइंग स्किन चाहते हैं तो डाइट में शामिल करें नट्स और सीड्स

महिलाएं हो या पुरुष ज्यादातर लोग चाहते हैं कि उनकी स्किन ग्लोइंग बनी रहे। चमकता चेहरा आपको भीड़ से अलग कर देता है। चेहरे को चमकाने के लिए ज्यादातर महिलाएं मेकअप तो कुछ नेचुरल टिप्स को अपनाती हैं। इनसे चेहरे पर चमक तो आती है, लेकिन कुछ दिन बाद फिर से चेहरे की रंगत उड़ जाती है। ऐसे में अगर आप ग्लोइंग स्किन चाहते हैं तो डाइट में कुछ फूड्स को शामिल कर लें। ये फूड्स लगाने की जगह खाने से ही आपकी त्वचा खिल उठेगी।



### नट्स और सीड्स पोषक तत्वों का खजाना

नट्स और सीड्स पोषक तत्वों का खजाना माने जाते हैं। इन्हें आप किसी भी समय कच्चा या फिर पानी में भिगोकर खा सकते हैं। आप चाहे तो इन्हें हल्वा से लेकर दलिया या फ्रूट सलाद के साथ भी खा सकते हैं। इन्हें खाने से सेहत अंदर से बूस्ट होती है। इम्यूनिटी स्ट्रोंग होती है। साथ ही नट्स और सीड्स में मिलने वाले पोषक तत्व स्किन को भी हेल्दी बनाएं रखते हैं। इससे स्किन की समस्याएं खत्म होती है और ग्लो करती है।

### शकरकंद खाना कर दें शुरू

शकरकंद सेहत के साथ ही स्किन को हेल्दी बनाएं रखने के लिए बेहतरीन फूड है। इसमें बीटा केरोटीन से लेकर विटामिन ए भरपूर मात्रा में मिलता है। यह सर्दियों का सुपरफूड है, जिसे खाने में शामिल करके आपकी स्किन ग्लो करने लगेगी। यह एक ऐसा फूड है,जिसे आप बिना तेल में पकाएं भी खा सकते हैं। यह डायबिटीज मरीजों के लिए मीठे की क्रेविंग को शांत रखता है और ब्लड शुगर लेवल भी नहीं बढ़ने देता।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी सब्जियों में आपकी बॉडी में पावर बूस्ट करने के साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। इन सब्जियों में विटामिन ए से लेकर सी, मिनरल्स और फाइबर मिलते हैं। इससे पाचन शक्ति तो बूस्ट होती ही है। स्किन भी हेल्दी और ग्लोइंग बनी रहती है। अगर आप किसी तरह की स्किन डिजीज से जूझ रहे हैं तो हरी सब्जियों का सेवन कर सकते हैं।

कार्नर न्यूज

पुरानी साड़ियों से अपने वॉर्डरोब में एक नया लुक तैयार कर सकती हैं

## पुरानी साड़ियों से तैयार करें नया आउटफिट

जब किसी शादी या पार्टी में जाना होता है तो लड़कियों के सामने सबसे पहली समस्या यह आती है कि उनके पास पार्टी में जाने के लिए कपड़े नहीं होते हैं। वे हर प्रदर्शन के लिए कुछ नया चाहती हैं। इसलिए, पहले खरीदे गए सभी कपड़े कोठरी में रहते हैं और उपयोग में नहीं आते हैं, जिसमें पुरानी साड़ियों के लिए एक अलग गोदाम होता है। अगर आपका भी कुछ ऐसा ही हाल है तो आप पुरानी साड़ियों से अपने वॉर्डरोब में एक नया लुक तैयार कर सकती हैं जो पहनने पर बिल्कुल खूबसूरत और नई लगेंगी। आइए जानें...

### अनारकली सूट

*आप अपनी किसी भी पुरानी साड़ी से अनारकली सूट बना सकती हैं, इससे आपकी पुरानी साड़ी भी लग जाएगी और नया आउटफिट भी तैयार हो जाएगा। बस इस बात का ध्यान रखें कि साड़ी थोड़ी भारी होनी चाहिए ताकि सूट थोड़ा गोलाकार और सुंदर दिखे।*

### स्कॉटिश स्कर्ट

*अगर आपके घर में आपकी मां या दादी की कोई पुरानी और खूबसूरत साड़ी है तो आप उससे भी लहंगा बना सकती हैं। बस इसके लिए आपको शिफॉन या बनारसी साड़ी में से किसी एक का चयन करना होगा क्योंकि किसी अन्य फैब्रिक से बना लहंगा अच्छा नहीं लगेगा।*



**शरारा** *आजकल हर लड़की शरारा ट्रेंड को फॉलो कर रही है। अगर आपके पास बहुत वर्क वाली साड़ी है तो आप उस साड़ी से शरारा बना सकती हैं। जिसे आप किसी भी क्रॉप टॉप या कुर्ती के साथ पहन सकती हैं।*

### लहंगा

यह ड्रेस आजकल काफी ट्रेंड में है और बाजार से खरीदने पर काफी महंगी भी है लेकिन आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप इसे पुरानी साड़ी के साथ भी बना सकती हैं। एक बार पूरा हो जाने पर यह बहुत सुंदर होगा। अगर आपके पास सिंपल साड़ी है तो आप उस साड़ी से रोजाना पहनने के लिए सिंपल कुर्ती बना सकती हैं। जो इस्तेमाल में नया और खूबसूरत लगेगा। कुर्ती के अलावा आप शॉर्ट कुर्ती, टॉप आदि भी बनवा सकती हैं।



# हिरानी अब 'मुन्नाभाई 3' की स्क्रिप्ट पर कर रहे काम...

**मुंबई।** राजकुमार हिरानी इन दिनों अपनी फिल्म 'डंकी' के लिए चर्चा में हैं। उनकी सफल फ्रैंचाइजी 'मुन्नाभाई' के तीसरे भाग का भी दर्शकों को इंतजार है। खबर आई थी कि तीसरे भाग का नाम 'मुन्नाभाई चले अमेरिका' होगा। अब हिरानी ने खुद 'मुन्नाभाई 3' को लेकर जानकारी दी कि वह भी यह फिल्म बनाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, मैं भी यह फिल्म बनाना चाहता हूं। मैं लंबे समय से स्क्रिप्ट को लेकर जूझ रहा हूं। मेरे पास 'मुन्नाभाई 3' के कई अधूरी स्क्रिप्ट हैं। संजू भी मुझे फोन करते रहते हैं और कहते हैं कि यह फिल्म बनाइए। उन्होंने कहा मैं और संजू किसी दिन यह फिल्म जरूर बनाएंगे।

लाइफ Style

# सनी
## अब नाम नहीं, काम को देंगी तवज्जो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सनी लियोनी अब तक कई फिल्मों में दिख चुकी हैं। पिछले कुछ समय से वह निर्देशक अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी को लेकर चर्चा में रहीं, जो दुनियाभर के मशहूर फिल्म महोत्सवों में शामिल हुई।

सनी पिछले कुछ समय से अभिनेता जैकी श्रॉफ के साथ 'कोटेशन गैंग' नाम की एक फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। एक इंटरव्यू में सनी बोलीं, अब स्टार बनना मेरी प्राथमिकता नहीं रही। स्टारडम का लालच खत्म हो गया है और अब मैं अच्छे किरदार और कंटेंट पर ध्यान दे रही हूं। मैं किसी भी फिल्म की स्टार नहीं बनना चाहती।

उन्होंने कहा, मुझे फिल्म की लीड हीरोइन होने का ठप्पा खुद पर नहीं लगाना, बल्कि इसकी बजाय मैं फिल्म का वो हिस्सा बनना पसंद करूंगी, जिसके कुछ मायने हों और मकसद हो। अब उम्र मायने नहीं रखती। उन्होंने कहा, वो 10-15 साल पहले की बात थी, जब लोग कहते थे कि अब उसकी उम्र हो गई है और उसे काम नहीं करना चाहिए या काम नहीं मिलेगा। जिन्हें पहले लगता था कि उनके दिल लद गए हैं, अब वो भी पर्दे पर दमदार वापसी कर रहे हैं। सनी के मुताबिक, 'कोटेशन गैंग' को भी उनकी फिल्म नहीं कहा जा सकता। हालांकि, इसमें उनकी भूमिका उनके लिए खास जरूर है। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसमें सनी गैंगस्टर बनी हैं। यह गुंडों के एक ऐसे गिरोह की कहानी है, जिसमें पुरुष और महिलाएं दोनों हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# बाफ्टा जीत चुके अभिनेता नहीं रहे

**लॉस एंजिलस।** ब्रिटिश अभिनेता टॉम विल्किंसन का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। विल्किंसन ने कुल मिलाकर 130 से अधिक फिल्म में काम किया है। उनके बेहतरीन काम के लिए उन्हें साल 2001 में पारिवारिक ड्रामा 'इन द बेडरूम' में उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार मिला था। वहीं 2007 में जॉर्ज क्लूनी अभिनीत फिल्म 'माइकल क्लेटन' में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता की श्रेणी में नामांकन मिला था। वहीं 2008 की मिनी-सीरीज जॉन एडम्स में अमेरिकी राजनीतिक व्यक्ति बेंजामिन फ्रैंकलिन की भूमिका निभाने के लिए एमी और द केनेडीज में जॉन एफ कैनेडी के पिता जो की भूमिका के लिए एमी नामांकन भी अर्जित किया।



# परिवार के साथ मनाया क्रिसमस फिर अजीब तरीके से की आत्महत्या

**हांगकांग।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब एक बुरी खबर सामने आई है। हांगकांग की लोकप्रिय अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन की अचानक आई मौत की खबर ने सभी को हैरान कर दिया। एक्ट्रेस ने अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाने के एक दिन बाद 26 दिसंबर को आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि 47 वर्षीय एक्ट्रेस को उसके चार बेटों में से एक ने कमरे में बेहोश पाया, जिसके बाद एक्ट्रेस को अस्पताल ले जाया गया। सामने आई कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एक्ट्रेस ने अपने कमरे में लकड़ी का कोयला जलाया और उसके धुएं से दम घुटने से उसकी मौत हुई। कहा जा रहा है कि ऐसा उसने अंजाने में नहीं बल्कि आत्महत्या करने के लिए किया। कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यिन ने अपनी जान लेने से पहले अपने पति डॉ. एंगस हुई को भेजे एक संदेश में एक्ट्रेस ने कहा था कि वह अगले जन्म में अपने पति से मिलेंगी।



# जिंदगी बस गुजरता हुआ एक दौर...

**मुंबई।** कंगना रनौत इस साल भी बॉलीवुड की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में शुमार रहीं। इस साल बड़े पर्दे पर उनकी फिल्मों ने ज्यादा कमाल नहीं किया, लेकिन वह लगातार चर्चा में बनी रहीं। बड़ी फिल्मी हस्तियों पर वह लगातार कटाक्ष करती रहीं। इस साल उनकी राजनीति में आने की चर्चा ने भी जोर पकड़ा था। उन्होंने बीते साल से मिली सीख के बारे में बताया। कंगना ने कहा कि जिंदगी बस एक गुजरता हुआ दौर है। हमें यह बात समझनी चाहिए। बता दें कि इस साल कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज होगी। यह फिल्म 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल की घटना पर आधारित होगी। फिल्म में वह इंदिरा के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी जैसे सितारे नजर आएंगे।



# फिल्म 'देवरा' का नया पोस्टर रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म 'देवरा' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित फिल्म, देवरा के निर्माताओं ने एक धमाकेदार पोस्टर जारी किया है, जिसमें एनटीआर जूनियर कोतीव्र और उग्र लुक में दिखाया गया है। एनटीआर जूनियर ने पोस्टर शेयर कर लिखा,आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। जनवरी 8 को #देवरा की झलक आप सभी को दिखाने का इंतजार नहीं कर सकता।' कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 5 अप्रैल, 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 17': निर्माताओं ने अनुराग को दिखाया घर से बाहर का रास्ता

**नई दिल्ली।** रियलिटी 'बिग बॉस 17' जैसे-जैसे फिनाले के करीब पहुंच रहा है, वैसे-वैसे दर्शकों का रोमांच बढ़ता जा रहा है। घर के अंदर होने वाले तमाशे के अलावा हर हफ्ते होने वाले एविक्शन पर दर्शकों की खासा नजर रहती है। इस वीकेंड के वार पर घर के 2 प्रतियोगी रिंकू धवन और नील भट्ट शो से बाहर हो गए। अब नए साल के जश्न के बीच निर्माताओं ने अनुराग डोभाल को घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

***घर के सदस्यों ने किया अनुराग को नॉमिनेट :*** रिंकू और नील के बाद अब जिस सदस्य का सफर शो से खत्म हो चुका है, उसका नाम अनुराग डोभाल है। वह शो से बाहर हो गए हैं। इस खबर की जानकारी 'बिग बॉस' के फैन पेज 'बिग बॉस तक' ने दी है। शो का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें ज्यादातर सदस्य अनुराग को नॉमिनेट करते नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस 17' जियो सिनेमा और कलर्स टीवी पर प्रसारित हो रहा है।

## 'कौन बनेगा करोड़पति में सारा ने की खूब मस्ती

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की चुलबुली एक्ट्रेस सारा अली खान अपनी फिल्मों के अलावा अपने लाइफस्टाइल और मजाकिया अंदाज के लिए मशहूर हैं। वे 'कौन बनेगा करोड़पति 15' में पहुंचीं, तो वहां भी अपने चिर-परिचित अंदाज में दिखीं। उन्होंने शो के होस्ट अमिताभ बच्चन के साथ खूब हंसी-ठिठोली की। 'केदारनाथ' फेम एक्ट्रेस अपनी दादी और दिग्गज एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर के साथ रियलिटी शो के फिनाले एपिसोड में दिखीं। अमिताभ बच्चन ने हॉट सीट पर दोनों का स्वागत किया। सारा अली खान से अमिताभ बच्चन ने कहा, 'मैं आपके 'आत्मविश्वास' से प्रभावित हूं। मुझे उम्मीद है कि आप आज करोड़ों रुपये जीतेंगे और जिस खास उद्देश्य के लिए आप दोनों आज खेलेंगे, यह उसी के लिए दान किया जाएगा। सारा, सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी हैं। उनके दादा-दादी मंसूर अली खान पटौदी और शर्मिला टैगोर हैं। सैफ और अमृता ने 2004 में अलग होने की घोषणा की थी। सैफ ने 2012 में एक्ट्रेस करीना कपूर के साथ दूसरी शादी की थी। उनके दो बेटे तैमूर और जेह हैं। काम की बात करें तो, सारा अली खान के पास 'ऐ वतन मेरे वतन', 'मेट्रो इन दिनों', जगन शक्ति का अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट और 'मर्डर मुबारक' है।



# जॉन ने मुंबई में खरीदा आलीशान बंगला

**मुंबई।** जॉन अब्राहम ने मुंबई के खार में एक आलीशान बंगला खरीदा है। फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक, इस घर की कीमत 71 करोड़ रुपये है। यह संपत्ति लिंकिंग रोड में स्थित है, जो ग्राउंड के साथ दो मंजिल के साथ आता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जॉन ने 27 दिसंबर को यह समझौता किया था। इस संपत्ति का स्वामित्व पहले 81 वर्षीय प्रवीण नाथलाल शाह के पास था, जो वर्तमान में अपने परिवार संग अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहते हैं।



### मुंबई के बांद्रा में भी खरीदा आलीशान अपार्टमेंट

जॉन ने अभी तक इस खरीदारी की खबर की पुष्टि नहीं की है। इससे पहले उन्होंने मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान अपार्टमेंट खरीदा था। उनका यह घर दो फ्लैटों को एक साथ मिलाकर दो मंजिलों पर डिजाइन किया गया है। इसमें एक निजी छत भी है, जहां से अरब सागर का नजारा दिखता है। जॉन का नाम उन अभिनेताओं में शुमार है, जो एक शानदार बिजनेसमैन भी हैं। उन्हें रियल एस्टेट में समझ रखने वाला माना जाता है।


### ये हैं जॉन की आगामी फिल्में

जॉन के लिए साल 2023 काफी अच्छा रहा। उन्होंने ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पठान' में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ काम किया था, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 543.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया था तो वहीं दुनियाभर में यह 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने में सफल रही। आने वाले दिनों में शाहरुख 'तेहरान', 'तारिक' और 'वेद' जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

# अक्षय व टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज तारीख आई सामने ...

*__मुंबई।__ अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' पिछले लंबे समय से चर्चा में हैं। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में हैं। अब अक्षय ने 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर टाइगर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इसके साथ अक्षय ने प्रशंसकों को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं।*

***कब रिलीज होगी 'बड़े मियां छोटे मियां'?*** *: अक्षय और टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां' ईद 10 अप्रैल, 2024 के खास मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। यह फिल्म 'सुल्तान' और 'भारत' के बाद अली अब्बास जफर की तीसरी ईद रिलीज होगी।*



## 'इंडियन पुलिस फोर्स' में सिद्धार्थ का एक्शन से लबरेज अंदाज देखने को मिला

# 'पंचायत 3' से लेकर 'हीरा मंडी' तक, इस साल आएंगी ये चर्चित वेब सीरीज

*__मुंबई।__ इस साल सिनेमाघरों में कई बेहतरीन फिल्मों की धूम रही तो ओटीटी पर कई शानदार वेब सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया। 2023 में सच्ची घटनाओं पर बनीं वेब सीरीज ने लोगों को बांधकर रखा। अब जब साल गुजरने को है, तो हर क्षेत्र की तरह ही लोग मनोरंजन जगत की ओर भी उम्मीदों से देखकर रहे हैं। इस साल कई वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जो लंबे समय से चर्चा में हैं।*



**'इंडियन पुलिस फोर्स'** : 'इंडियन पुलिस फोर्स' के जरिए रोहित शेट्टी का कॉप यूनिवर्स ओटीटी पर दस्तक देने जा रहा है। यह सिद्धार्थ मल्होत्रा और शिल्पा शेट्टी के करियर की भी पहली सीरीज है। शो में विवेक ओबेरॉय भी नजर आएंगे। 'इंडियन पुलिस फोर्स' 19 जनवरी, 2024 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इसका टीजर जारी हो चुका है, जिसमें सिद्धार्थ का एक्शन से लबरेज अंदाज देखने को मिला है।




**'पंचायत 3'** : ग्रामीण पृष्ठभूमि पर बनी इस वेब सीरीज के पिछले दोनों भागों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। 'पंचायत 2' में सचिव जी (जितेंद्र कुमार) और पिंकी के बीच बढ़ रही नजदीकियों ने लोगों को खूब आकर्षित किया। अब दर्शक इसके तीसरे भाग में इस प्रेम कहानी को मुकम्मल होते देखना चाहते हैं। हाल ही में अमेजन प्राइम वीडियो ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। 2024 में इसका नया सीजन देखना दिलचस्प होगा।

**'मिर्जापुर 3'**: 'मिर्जापुर' ऐसी वेब सीरीज है, जिसने पंकज त्रिपाठी, दिव्येंदु शर्मा, विक्रांत मैसी जैसे सितारों को ओटीटी का स्टार बना दिया। अब 'मिर्जापुर 3' दर्शकों के बीच आने वाली है। शो के पिछले 2 भागों ने कालीन भइया और गुड्डु पंडित जैसे किरदारों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अमेजन प्राइम वीडियो के इस शो की शूटिंग खत्म हो चुकी हैं।







**'आश्रम 4'**: 'एनिमल' में अबरार की भूमिका से पहले तक बॉबी देओल 'बाबा निराला' की भूमिका के लिए चर्चा में थे। 'आश्रम 3' के रिलीज होते ही निर्माताओं ने 'आश्रम 4' की घोषणा कर दी थी। प्रकाश झा की यह सीरीज विवादों में भी घिरी थी। इसके पिछले भागों के रोचक प्लॉट ने दर्शकों को बांधकर रखा। 2024 में 'आश्रम 4' का इंतजार है। एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'आश्रम' में इस किरदार में बॉबी ने ओटीटी पर अपनी अलग पैठ बनाई है।



**'हीरा मंडी'**: 'हीरा मंडी' के जरिए संजय लीला भंसाली ओटीटी पर कदम रख रहे हैं। इस वेब सीरीज में मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह जून के बाद रिलीज हो सकती है। उनकी फिल्मों की तरह ही यह वेब सीरीज भी भव्य सेट, आकर्षक कॉस्ट्यूम और चमक-दमक से भरपूर होगी।

## खबर संक्षेप

### शिक्षिका पर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप, ज्ञापन

**लखनपुर।** ग्रामीणों ने गुमगरा प्राथमिक शाला की शिक्षिका पर धर्म परिवर्तन कराने व बच्चों से यीशु मसीह की प्रार्थना कराने का आरोप लगाया है इस सम्बंध में डीईओ के नाम संकुल समन्वयक को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में गांव के गौरी साहू, रामकुमार साहू, पजेलाल, देवाल आदि ने शिक्षिका रेखा भगत पर बच्चों के साथ गलत आचरण करने एवं मूल निवासियों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है तथा उन्हें अन्यत्र हटाने की मांग की है। इस सम्बंध में संकुल समन्वयक विनोद कुमार गुप्ता बताया कि ग्रामीणों ने डीईओ के नाम ज्ञापन सौंपा है जिसे जांच के लिए आगे प्रेषित किया गया है। शिक्षिका रेखा भगत ने बताया कि कुछ लोग जान बूझकर बदनाम कर मेरा स्थानांतरण करना चाहते हैं। कुछ लोगों के द्वारा मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** सरसो बीज लेने जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक ग्रामीण की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई वहीं दूसरे का उपचार जारी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम रजौटी मंदिर पारा निवासी सुरेन्द्र बडा आ. साध राम बडा (26 वर्ष) शनिवार की दोपहर गांव के ही राहुल एक्का के साथ बाइक से उलकिया बरबहला सरसों बीज लेने जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार पेटला डोडरोगीपारा के समीप पहुंच तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

### पिकनिक मनाने गए युवक की डूबने से मौत

**वाड्रफनगर।** नए वर्ष पर सोमवार को पिकनिक मनाने खरखरा नदी गए एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। नए वर्ष पर खरहरा नदी तट पर बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। सोमवार को उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती ग्राम खोतो-महुआ निवासी युवक राजेश कुमार पिता मानसाय भी अपने साथियों के साथ पिकनिक माने पहुंचा था। नदी में नहाने के दौरान युवक अचानक पानी में जा गिरा और डूबने से उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि युवक को मिर्गी का दौरा पड़ता था। नहाने के दौरान उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और वह पानी में गिरकर डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल पीएम के लिए भेजा है।

### बीईओ ने किया पुहपुटरा बिनकरा शाला का निरीक्षण

**लखनपुर।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय ने सोमवार को माध्यामिक शाला पुहपुटरा एवं प्राथमिक शाला बिनकरा का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालयों में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति मिलने पर उन्होंने प्रधान पाठकों को अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल भेजने के प्रेरित करने निर्देशित किया।

पृष्ठ 1 का शेष

### राप्रसेवा संघ कोरिया की अंकिता बनीं जिलाध्यक्ष

उन्होंने कहा कि संघ के अध्यक्ष पद पर रहकर वह संघ के सभी मानकों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी। आने वाले समय में वह राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के निर्देशों के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करेंगी। 2 जनवरी को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की इकाई की बैठक जिला कलेक्टोरेट परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के सदस्यों के तौर पर जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर नीलम टोप्पो, श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, डिप्टी कलेक्टर विनय कश्यप, तुलाराम भारद्वाज, श्रीमती चांदनी कंवर उपस्थित हुए। सभी ने एकमत होकर राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की कोरिया जिले की ईकाई के लिए श्रीमती अंकिता सोम को अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। साथ ही डिप्टी कलेक्टर राकेश साहू को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला अध्यक्ष श्रीमती अंकिता सोम व उपाध्यक्ष राकेश साहू को बधाई दी।

### डॉक्टर व स्टॉफ नियमित रूप से अस्पताल पहुंचे, कलेक्टर ने दिए निर्देश

# अब जिला अस्पताल में होगी बायोमेट्रिक हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में जिला रेडक्रॉस सोसायटी को अपनी स्वेच्छानुसार आर्थिक मदद करने के लिए सभी अधिकारियों को प्रोत्साहित किया, ताकि जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सकें। श्री लंगेह ने कहा कि रेडक्रॉस का मिशन मानवीय गतिविधियों को बढ़ावा देना, प्रेरित, प्रोत्साहित व शुरू




करना है, ताकि मानव पीड़ा को कम किया जा सके, रोका जा सके और इस प्रकार शांति के लिए अधिक अनुकूल वातावरण पैदा करने में अधिक से अधिक योगदान दिया जा सके। विदित हो कि रेडक्रॉस, मानवीय जिंदगी व सेहत को बचाने के उद्देश्य के लिए कार्य करती है। मानव जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सभी मनुष्यों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने, मानव पीड़ा को रोकने और कम करने के लिए स्थापित किया गया है।

### डॉक्टर व स्टॉफ नियमित रूप से अस्पताल में रहें

कलेक्टर श्री लंगेह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के सभी प्राथमिक, सामुदायिक एवं जिला अस्पताल में डॉक्टर, स्टाफ नर्स, वार्डबॉय आदि नियमित रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने अस्पताल में डॉक्टर नहीं मिलने की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई करने की बात भी कही। प्रतिबंध दवाई न बिके-कलेक्टर श्री लंगेह ने ड्रग अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी तरह से प्रतिबंधित दवाई, सीरप दवाई दुकान से न बिके। मेडिकल स्टोर्स में जाकर निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं, साथ ही मेडिकल संचालकों से अपील करते हुए कहा है कि प्रतिबंध दवाई बिल्कुल बिक्री न करें।

#### होगी बायोमेट्रिक हाजिरी

कलेक्टर ने जिला अस्पताल में तत्काल बॉयोमीट्रिक मशीन लगाने के निर्देश दिए, ताकि सभी डॉक्टर व स्टाफ समय पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल कार्य को बेहद संवेदनशील बताते हुए कहा कि इसमें न-नुकर वाली कोई गुंजाइश नहीं होती। मरीजों को तत्काल जांच, उपचार और राहत ही अस्पताल की पहचान होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल कर्मियों से कहा कि मरीजों से अच्छे बर्ताव और सहयोगी भावना से कार्य करने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि बायोमेट्रिक डेटा इनपुट अर्थात फिंगर प्रिंट आईरिस आधार संख्या धारकों से दोनों जानकारी को कैप्चर करने के लिए उपयोग किए जाते हैं, इसमें तिथि, समय अंकित होते हैं

### वाहन चालक बिना भय नियमित वाहन चलाएं अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई: लंगेह




देशव्यापी ट्रक बस वाहन चालकों द्वारा विगत दो दिनों से हड़ताल में होने के कारण आम लोगों को किसी भी तरह की कोई परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के सभी संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से हड़ताल के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर विनय लंगेह जिले गैस एजेंसी व पेट्रोल पंप संचालकों से आवश्यक बैठक लेकर हड़ताल के संबंध में जानकारी प्राप्त की। श्री लंगेह ने कहा कि किसी भी हालत में जरूरी वस्तुएं मिलते रहे, इस पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि हड़ताल पर न रहें, ताकि जरूरतमंद लोगों को दवाई, सब्जी, दूध, अनाज, पेट्रोल-डीजल, गैस आदि समय पर मिल सके। गैस एजेंसी व पेट्रोल पंप संचालकों से कहा कि किसी भी तरह की कालाबाजारी न हो, फिलहाल वाहन में ही पेट्रोल डीजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। ड्रम या डिब्बे में पेट्रोल, डीजल नहीं देने के निर्देश दिए हैं। बैकुंठपुर एवं सोनहत विकासखंड स्थित सभी पेट्रोल पंपों में पर्याप्त मात्रा में डीजल-पेट्रोल रखने के निर्देश दिए हैं। श्री लंगेह ने कहा कि खाद्य विभाग के अधिकारी सतत निगरानी करते रहे कि किसी भी तरह से कोई दुकानदार जमाखोरी या कालाबाजारी अथवा महंगे दाम पर आवश्यक सामग्री न विक्रय करें साथ ही बाजार में वाहन चालक सब्जियां, फल लेकर समय पर पहुंचे ,इसके लिए समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी, गैस संचालक, पेट्रोल पंप संचालक उपस्थित रहे।

#### भ्रामक खबरों से बचें

पुलिस अधिकारियों से कहा कि नियमित रूप से पेट्रोलिंग करते रहें ताकि किसी भी प्रकार कोई अफवाह न फैले। साथ ही अफवाह व भ्रामक खबर प्रचारित करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। कोरिया पुलिस ने अफवाहों से बचने के संबंध में जानकारी दी है कि आगामी नए कानून में धारा 106 (2) अगर कोई व्यक्ति के उतावलेपन व उपेक्षापूर्ण ड्राईविंग से किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाए और वह पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचना न दें, तो व्यक्ति विरुद्ध 10 वर्ष की सजा का प्रावधान है, लेकिन जो चालक एक्सीडेंट के बाद पुलिस में सूचना देते हैं, उनके उपर ये धारा लागू ही नहीं होगी। कोरिया पुलिस लगातार जनजागरण अभियान भी चला रहे हैं। विदित हो कि बैकुंठपुर विकासखंड के अंतर्गत 16 तथा सोनहत विकासखंड के तहत दो पेट्रोल संचालित हैं।

### कलेक्टर से फेडरेशन पदाधिकारियों ने की मुलाकात



छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के सदस्यों एवं कर्मचारियों ने कलेक्टर विनय लंगेह और सीईओ जिला पंचायत आशुतोष चतुर्वेदी से सौजन्य भेंट कर नए वर्ष की बधाई दी। साथ ही कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का नए साल का कलेंडर भी भेंट किया गया। इस अवसर पर संरक्षक शंकर सुवन मिश्रा, संभागीय सह संयोजक राजेन्द्र सिंह, जिला संयोजक अशोक यादव, उपाध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता उपस्थित रहे।

### खेल स्टेडियम के संबंध में कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित खेल अधिकारी से जानकारी ली कि जिले में कितने मिनी स्टेडियम में खेलने लायक है, कितने अपूर्ण है और कितने स्टेडियम प्रगतिरत है। विदित हो कि कलेक्टर श्री लंगेह बच्चों व युवाओं के लिए खेल एवं शिक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जो मिनी खेल स्टेडियम बनाया गया है, वह पूर्ण हुआ है कि नहीं मौके पर जाकर मुआयना करें तथा गृह निर्माण मंडल के अधिकारी को भी इसकी जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। विदित हो कि विकासखंड बैकुंठपुर के अंतर्गत 50 लाख रुपए की लागत से सारा में मिनी



■ नोडल एजेंसी को दो टूक: अपूर्ण खेल स्टेडियम तत्काल पूरा करें

स्टेडियम इंडोर हाल बनाया जाना था, लेकिन बाउंड्रीवाल ही पूर्ण हुआ है, बाकि कार्य प्रगति पर है। ग्राम पंचायत तरगवां, बरदिया में मिनी इंडोर स्टेडियम का निर्माण के लिए वर्ष 2020 में कायादेश दिया गया था, लेकिन अभी स्टेडियम की पवेलियन, गैलरी एवं बाउंड्रीवाल में रंगाई-पोताई का कार्य चलने की जानकारी दी गई, वहीं कुछ स्टेडियम में अभी तक नींव खोदाई का कार्य प्रगति पर है। श्री लंगेह ने नोडल एजेंसी लोक निर्माण विभाग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि जो काम समय-सीमा में होना था वह अभी तक अपूर्ण क्यों हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी हालत में संबंधित ठेकेदार से अधूरे खेल स्टेडियम को शीघ्र पूरा कराया जाए अन्यथा संबंधित अधिकारी व ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत कलश के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**रामानुजगंज।** ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत कलश के साथ निकाली गई। शोभायात्रा अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण जोरो से किया जा रहा है।

अगले महीने 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने वाला है। रामानुजगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में भी खासा उत्साह है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में लोगों को आमंत्रित करने के लिए अक्षत कलश पहुंचा है। रामानुजगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत केरवा शीला, आरागाही सहित कई गांवों में अक्षत कलश के साथ शोभायात्रा निकाली गई। अक्षत कलश को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। अयोध्या से आए अक्षत कलश का वितरण ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया। अक्षत कलश शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

### विलुप्त हो रहे मोर दिखे मनेन्द्रगढ़ में...



**बैकुण्ठपुर।** विलुप्त हो रहे राष्टीय पक्षी मोर को एमसीबी जिले में घूमते देखा गया। लोग मोर और मोरनी की तस्वीर को सोशल मीडिया पर जमकर शेयर कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह तस्वीर एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ में झगराखाण्ड रोड पर स्थित सेंट जोसेफ स्कूल की है। बता दें कि एमसीबी जिले के जंगलों में आमतौर पर मोर विचरण करते दिख जाते हैं। इसी मसले को लेकर चिरमिरी के युवा राहुल भाई पटेल ने वन विभाग को मोर के संरक्षण के लिए आवेदन भी दिए थे।

### संजयनगर में कार व मोटरसाइकिल में भिड़ंत

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर सोमवार की सुबह पिलखा ढाबा के पास कार व मोटरसाइकिल में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में किसी तरह की कोई जनहानि की खबर नहीं है। जानकारी के अनुसार कांसाबेल निवासी छवि साय पैकरा नए वर्ष के अवसर पर सोमवार की सुबह कार क्रमांक सीजी 14 एमएल 1609 में कुदरगढ़ देवी धाम दर्शन करने जा रहे थे। तभी एनएच 43 पर जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत संजयनगर में स्थित पिलखा ढाबा के सामने बिश्रामपुर की ओर से अंबिकापुर की तरफ जा रहे पैशन प्रो मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीपी 3082 के चालक को कार चालक ने विपरीत दिशा से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार के सामने का हिस्सा व मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई है। बाइक सवार दोनों युवकों को मामूली चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि बाइक सवार के जेब से पुलिस को वाहन के कागजात मिले हैं, उसमें मोटरसाइकिल वाहन मालिक का नाम अंबिकापुर केदारपुर गुरुघासीदास वार्ड निवासी बलराम चौधरी पिता बघोलन चौधरी अंकित है।

### हवन-पूजन कर किया गया नववर्ष का स्वागत

# महामाया मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नारायण मानस मण्डली द्वारा नववर्ष पर महामाया मंदिर में आयोजित राम चरित मानस के अखण्ड पाठ का समापन किया गया रामायण पाठ के बाद सुखद भविष्य की कामना लेकर सदस्यों ने हवन-पूजन किया। इस दौरान सदस्यों ने आकर्षक भजनों की प्रस्तुति दी।

शिक्षक नारायण सिंह ने लोगों को धर्म के प्रति उन्मुख करने दशकों पूर्व रामायण पाठ की शुरूआत की थी। उन्होंने आस्थावान युवाओं की एक मण्डली बनाई थी जो लोगों की रूचि के अनुसार छुट्टी के समय निःस्वार्थ भाव से सुन्दरकाण्ड एवं अखण्ड रामायण का आकर्षक पाठ करते थे। शिक्षक श्री सिंह ने रामायण के प्रति ऐसी अलख जगाई कि युवाओं एवं शासकीय कर्मचारियों की एक बड़ी समर्पित मण्डली तैयार हो गई तथा मण्डली के सदस्य गांव से लेकर शहर तक रामायण की चौपाइयों का पाठ करने लगे। मण्डली द्वारा 25 वर्ष पूर्व नववर्ष के अवसर पर महामाया मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ करने की शुरूआत की गई। मण्डली के सदस्य निर्वाध रूप से हर साल रामायण पाठ कर रहे हैं। साल के अंतिम दिन मण्डली के सदस्य विधि विधान से पूजा-अर्चना उपरांत



रामायण पाठ प्रारम्भ करते हैं तथा नववर्ष पर रामायण पाठ पूर्ण होने पर हवन एवं भंडारा किया जाता है। रामायण पाठ में भागीदारी करने दूर-दूर से सदस्य पहुंचते हैं तथा दिन-रात आयोजन में जुटे रहते हैं। सोमवार को दोपहर 12 बजे रामायण पाठ का समापन किया गया। इसके बाद सदस्यों ने सुखद भविष्य के लिए हवन पूजन किया तथा आकर्षक भजनों की प्रस्तुति दी। नववर्ष पर शाम तक भण्डारे का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान बालकेश्वर गुप्ता, प्रवीण झा, सत्यप्रकाश त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा, गजाधर, स्वामीनाथन दुबे उपाध्यक्ष, छोटकू उपाध्याय, रमेश बंसल, भानु सिंह, बनाऊर सिंह, नंदकिशोर गुप्ता, मधुसुदन सोनी, सर्वानंद दुबे, विनय सिंह सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### खेलते समय आठ माह का बच्चा निगल गया नारियल का टुकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आठ माह के बच्चे में फंसे हुए नारियल टुकड़े को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ऑपरेशन कर बाहर निकाला गया। ऑपरेशन के बाद बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है और उसे डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के जयनगर निवासी रामदेव के आठ माह का पुत्र आदित्य 29 दिसंबर को खलेते समय जमीन पर पड़े हुए नारियल के टुकड़े को निगल गया था। नारियल का टुकड़ा बच्चे के गले में जानकर फंस गया था जिससे बच्चे को स्वांस लेने में तकलीफ हो रही थी। आनन फानन में बच्चे को परिजन मिशन



हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे जहां डॉक्टरों ने बच्चे की स्थिति देखकर अपने हाथ खड़े कर दिए।




### मानव सेवा दल के सदस्यों ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

मानव धर्म के प्रणेता सदगुरुदेव सतपाल महाराज के प्रेरणा से लगातार कई वर्षों से सफाई अभियान कर स्वच्छता का संदेश देते आ रहे हैं। इसी प्रकार नए वर्ष की शुरुआत में आज छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में एक साथ सफाई अभियान चलाया गया।

मानव सेवा दल सूरजपुर द्वारा अग्रसेन चौक एवं पुराना बस स्टैंड प्रांगण की सफाई किया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य स्वच्छता सभापति बाबूलाल ने कहा कि मानव सेवा दल नए वर्ष के शुरुआत में मुख्य शहर में साफ सफाई करके लोगों को अच्छा स्वच्छता का संदेश दिया है। झाड़ू पकड़ कर सफाई



करने से अहंकार खत्म हो जाता है अहंकार खत्म होने से हमारे अंदर नम्रता सद्भाव आ जाती है। जिला प्रशिक्षक सेवक राम मानव ने कहा की सफाई अंदर और बाहर दोनों ही आवश्यक है बाहर की सफाई तो हम झाड़ साबुन के माध्यम से करते हैं किंतु जब तक हमारे मन की सफाई नहीं होगी तब तक सफाई पूर्ण नहीं होगी क्योंकि मन से ही गंदगी फैलती है मन से ही स्वच्छता आती है।

**न्यायालय तहसीलदार**
**बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /अ-21/2023-24
**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, कि आवेदक जुबैर अली आ. मो. सहजादा निवासी बाईसागरपारा बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा ग्राम बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.नं. 482/18 रकबा 0.011 हे. परिवर्तित भूमि को ईलाज कराने के लिए पैसो की आवश्कता होने के कारण क्रेता अमरेश कुमार आ. रामचन्द्र प्रसाद जाति तेली निवासी एस.ई.सी.एल. कॉलोनी तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के पक्ष में विक्रय करने हेतु अनुमति की मांग की गई है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियों को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 12/1/24 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**बैकुण्ठपुर**
**जिला-कोरिया (छ.ग.)**







